कार्यालय नगरपालिका मण्डल रावतसर जिला–हनुमानगढ़ (राज.)

क्रमांक :–न.पा.रा. / चुनाव / 2019 / 1056 | दिनाक :– 05/07/2019

श्रीमान् निदेशक एवं संयुक्त सचिव महोदय,
स्वायत्त शासन विभाग राज0,
जयपुर।

विषय :– आगामी नगरपालिका चुनाव नगरपालिकाओं में वर्ष 2011 की जनगणना के आधार पर अधिसूचना दिनांक 10.06.2019 के अनुरूप वार्डों के पुर्नगठन / पुर्नसीमांकन बाबत्।

प्रसंग :– आपका पत्रांक 4729 – 4922 दिनांक 04.07.2019 के संदर्भ में।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत प्रासांगिक पत्र के संदर्भ में निवेदन है कि नगरपालिका रावतसर में वर्तमान में 25 वार्ड है। राज्य सरकार के निर्देशानुसार नगरपालिका रावतसर में कुल 35 वार्डों का गठन किया जाना है। अतः नवीन 10 वार्डों के गठन व वार्डों के पुर्नगठन के संबंध में कनिष्ट अभियंता नगरपालिका रावतसर की अध्यक्षता में टीम का गठन कर दिया गया है। टीम द्वारा मौके पर जाकर 10 वार्डों के गठन का ड्राफ्ट किया जा चुका है। ड्राफ्ट के अनुसार नक्शे में भी मार्किंग की जा चुकी है। तथा समस्त 35 वार्डों की सीमा निर्धारण का ड्राफ्ट भी तैयार किया जा चुका है। जिनका नवीन सीमांकन मय नजरी–नक्शा वार्डवार विवरण कार्यालय नगरपालिका रावतसर के नोटिस बोर्ड पर चस्पा करवा दिया गया है तथा स्थानीय समाचार–पत्र में भी आपति आमंत्रण सूचना का प्रकाशन करवा दिया गया है।

अतः सूचना श्रीमान् जी की सेवा में सादर प्रेषित है।

संलग्न ::–

1. आपति आमंत्रण सूचना की प्रति।
2. वार्डवार सीमांकन की प्रति।
3. नजरी–नक्शा (ड्राफ्ट) की प्रमाणित प्रति (पुराना सीमाकंन, नवीन सीमांकन, नवीन नम्बर अंदाजी सहित)।

(पृथ्वीराज जाखड़)
अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका रावतसर